कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग, घनसाली, मुख्यालय–घुमेटीधार
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
TEMPORARY DIVISION, PUBLIC WORK DEPARTMENT,
GHANSALI, HEAD QUARTER-GHUMETIDHAR
P.O. Pilkhi, Pin Code-249181
Website- http://pwd.uk.gov.in
Phone and Fax No. 01379-258327
E-Mail :-eepwdghansali@rediffmail.com


पत्रांक :- 1738/10 मग

दिनांक– 21/11/2017

सेवा में,

अपर वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, इन्दिरा नगर फॉरेस्ट कॉलोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय :- जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड–भिलंगना में राज्य योजना के अन्तर्गत ठेला–थार्ती–चिरबिटिया मोटर मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में। (FP/UK/ROAD/10965/2014)

सन्दर्भ :- आपका कार्यालय पत्रांक–976 / FP/UK/ROAD/10965/2014 दिनांक–15.09.2017।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के अनुपालन में अवगत कराना है कि आपके द्वारा उक्त मोटर मार्ग को निरस्त कर पुनः नये समरेखण हेतु सुझाव दिया गया है। पूर्व में अधीक्षण अभियन्ता, 8वां वृत्त, लो0नि0वि0, नई टिहरी के कार्यालय पत्रांक–9062 / 133सी0–8 / 2009, दिनांक– 05.12.2009 को 5.85 कि0मी0 लम्बाई में 01 H.P Band के साथ समरेखण अनुमोदित किया गया था। इसमें 4500 वृक्ष प्रभावित हो रहे थे। जिसमें बांज / बुरांश के वृक्ष भी सम्मिलित हैं। वृक्ष अधिक आने के कारण समरेखण निरस्त किया था। पुनः 7.50 कि0मी0 लम्बाई में 07 H.P Band के साथ नया समरेखण किया गया, मोटर मार्ग से 1170 वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं। जिसमें 140 बांज के वृक्ष सम्मिलित हैं। इस समरेखण को भी वृक्ष अधिक आने के कारण निरस्त किया गया। वर्ष 2014 में अधीक्षण अभियन्ता, 8वॉ वृत्त, लो0नि0वि0, नई टिहरी के कार्यालय पत्रांक–1471 / 133सी0–8 / 2014, दिनांक–06.09.2014 को 6.75 कि0मी0 लम्बाई में 05 H.P Band के साथ पुनः नया समरेखण अनुमोदित किया गया। उक्त समरेखण से प्रभावित होने वाले वृक्षों की संख्या न्यूनतम है। वर्तमान में इस समरेखण के अतिरिक्त अन्य नये समरेखण में भी वृक्ष और अधिक प्रभावित होंगे, जिसमें बांज / बुरांश के वृक्ष भी सम्मिलित होंगे। उक्त समरेखण (मोटर मार्ग) से कई गांव (ग्रामसभा– थार्ती, सौड़, गुदरखेत, सिल्ली भेलगढी एवं पंया) व छोटे किसान लाभान्वित हो रहे हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि पूर्व में स्वीकृत उक्त समरेखण (वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव) पर जन हित में पुनर्विचार करने की कृपा करें।

(हस्ताक्षर) 21/11/17
(इं0 नवीन लाल वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता,
O/C अ0ख0, लो0नि0वि0, घनसाली,
मुख्यालय–घुमेटीधार

पत्रांक– / तद्दिनांक।

प्रतिलिपि–
01. प्रभागीय वनाधिकारी, टिहरी वन प्रभाग, नई टिहरी को सूचनार्थ प्रेषित।
02. वनक्षेत्राधिकारी, भिलंगना रेंज, घनसाली को सूचनार्थ प्रेषित।
03. सहायक अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग, घनसाली को सूचनार्थ प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 21/11/17
अधिशासी अभियन्ता,
O/C अ0ख0, लो0नि0वि0, घनसाली,
मुख्यालय–घुमेटीधार